भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
****
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 204
जिसका उत्तर दिनांक 02 फरवरी, 2023 को दिया जाना है

ग्राम उजाला योजना

204. श्री सुखबीर सिंह जौनापुरियाः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ग्राम उजाला योजना लागू की है;

(ख) उक्त योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत सम्मिलित होने वाले राजस्थान के जिलों की पहचान की गई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा इस योजना के लाभार्थियों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ङ) सरकार द्वारा उक्त योजना कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; और

(च) इसमें शामिल राजस्थान के टोंक और सवाई माधोपुर जिलों के गांवों और ढाणियों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग) : ग्राम उजाला स्कीम का कार्यान्वयन कनवर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) द्वारा किया गया है। ग्राम उजाला स्कीम के अंतर्गत, बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रायोगिक परियोजना के रूप में 1 करोड़ एलईडी बल्ब वितरित किए गए हैं। ग्राम उजाला की अगुआई में वितरण कार्य पूरा हो गया है तथा वर्तमान में, कोई भी वितरण गतिविधि नहीं चल रही है।

(घ) : लाभार्थियों के बीच एलईडी बल्बों के उपयोग के लिए सीईएसएल/प्राधिकृत एजेंसियों द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियां की जा रही हैं जैसे-स्थानीय/राष्ट्रीय मीडिया आउटरीच, रेडियो/टीवी तथा मीडिया के अन्य माध्यमों जैसे बैनरों, पोस्टरों, लीफ़लेट्स आदि के माध्यम से सूचना का प्रसार करना।

(ङ) और (च) : यह स्कीम बिहार, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा तेलंगाना के ग्रामीण क्षेत्रों में केवल प्रायोगिक परियोजना के रूप में कार्यान्वित की गई है। इसके अतिरिक्त, इसका कार्यान्वयन प्रायोगिक परियोजना के मूल्यांकन पर निर्भर होगा।

****